ई.एच.आई.-05

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्रों के लिए

पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-05

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत : 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक

इतिहास संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

सत्रीय कार्य
2025-2026

कार्यक्रम कोड : बी.डी.पी.
पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-05

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि आपको बी.डी.पी. की कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको इस ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्र	जमा करने की तिथि	कहां जमा करना है
जुलाई 2025 सत्र के लिए	**31 मार्च 2026**	**पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने केंद्र के संयोजक के पास जमा करा दें।**
जनवरी 2026 सत्र के लिए	**30 सितम्बर 2026**	

सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लीजिए।

सत्रीय कार्य करने से पहले कुछ बातें :

सत्रीय कार्य करने से पहले ध्यान रखें : सामाजिक विज्ञानों में किसी भी तरह के लेखन के लिए चार सोपान आवश्यक हैं। ये हैं (क) योजना (ख) वस्तु चयन (ग) प्रस्तुतीकरण (घ) व्याख्या

क) **योजना** : आपसे क्या प्रश्न पूछा गया है और उत्तर में क्या लिखना है। इस पर विचार कीजिए। इकाइयों का ठीक तरह से अध्ययन कीजिए। कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहें तो पुस्तकालय का उपयोग कीजिए।

यह देखें कि प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में देना है या 250 शब्दों में या सिर्फ 100 शब्दों में। बड़े प्रश्नों के लिए विवरणों के साथ व्याख्या भी करनी होगी। तीसरे प्रकार के प्रश्न के उत्तर में संगत विवरणों को संक्षेप में प्रस्तुत करें।

ख) **वस्तु चयन** : उत्तर देने के लिए आपको सही तथ्यों तथा विवरणों का चयन करना होगा। इसके लिए आप (i) अपनी इकाइयों से नोट्स लें, (ii) तथ्यों को ध्यान से देखें और उत्तर के लिए अनावश्यक विवरण निकाल दें, और (iii) उत्तर का पहला खाका लिख लें। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आप उत्तर में क्या सूचनाएं/विवरण प्रस्तुत करना चाहते हैं।

ग) **प्रस्तुतीकरण** : अब आप उत्तर का दूसरा खाका तैयार करें। इससे आप अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त कर सकेंगे। आप यह भी जान सकेंगे कि दी गयी शब्द सीमा में आप बात कैसे कह सकते हैं।

उत्तर का तीसरा और अंतिम प्रारूप तैयार कीजिए और देखिए कि आपने सारी आवश्यक बातें अपेक्षित शब्द सीमा में प्रस्तुत की हैं या नहीं।

घ) **व्याख्या** : इतिहास लेखन में व्याख्या की प्रक्रिया का अनन्य स्थान है। आपकी योजना तथा वस्तु चयन में भी व्याख्या की झलक दिखाई देगी। संभवतः, शायद, क्योंकि, इसलिए, आदि शब्दों के साथ आपके वक्तव्य व्याख्या की झलक देते हैं। यहां आपको ध्यान रखना होगा कि आपके तथ्य आपके वक्तव्य का समर्थन करते हैं अथवा नहीं।

टिप्पणी : अगर आपके पास समय सीमित हो तो :

1) पहला प्रारूप तैयार करें, उत्तर की संगतता, शब्द सीमा, आदि पर ध्यान दें, और
2) अंतिम प्रारूप तैयार करें।

अब आप उत्तर लिखने के लिए तैयार होंगे।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य
ई.एच.आई.-05
भारत : 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक

पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-05
सत्रीय कार्य कोड : ई.एच.आई.-05/ए.एस.टी./टी.एम.ए./2025-2026
पूर्णांक : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सामने लिखे हैं।

भाग 1: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1) रैयतवाड़ी बंदोबस्त की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा कीजिए। इसका किसानों पर क्या प्रभाव पड़ा? **20**

2) मराठा राज्य व्यवस्था पर विभिन्न इतिहासकारों के अलग-अलग विचारों पर चर्चा कीजिए। इस प्रणाली में फ़ितना की क्या भूमिका थी? **20**

3) मैसूर राज्य निर्माण के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालिए। यह हैदराबाद से किस प्रकार भिन्न था? **20**

4) क्या 18वीं शताब्दी एक 'अंधकारमय युग' थी? विभिन्न इतिहासकारों के विचारों के संदर्भ में चर्चा कीजिए। **20**

भाग 2: निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

5) 18वीं सदी के अंत तथा 19वीं सदी के आरंभ में ब्रितानी नीति को आकार देने में उपयोगितावादियों की क्या भूमिका थी? **12**

6) 1857 के विद्रोह का क्या प्रभाव पड़ा? **12**

7) महालवारी व्यवस्था की मुख्य विशेषताएं क्या थीं? **12**

8) 1833 के चार्टर अधिनियम की मुख्य विशेषताएं क्या थीं? **12**

9) क्या 18वीं तथा 19वीं शताब्दी में अंग्रेज़ विधि का शासन स्थापित करने में सफल रहे? **12**

10) क्या अफ़ग़ान युद्ध अंग्रेज़ों के उद्देश्यों को पूर्ण करने में सक्षम थे? **12**

11) भारत में सामाजिक सुधारों को आगे बढ़ाने में राजा राममोहन राय की भूमिका की चर्चा कीजिए। **12**

12) हिन्दी-उर्दू विवाद पर टिप्पणी कीजिए। **12**

भाग 3: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

13) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : **6+6**

(क) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(ख) अलीवर्दी ख़ान के अंतर्गत बंगाल

(ग) स्थायी बंदोबस्त

(घ) ब्रितानियों के अंतर्गत सिविल सेवाओं का गठन